# दिनांक 30.03.2026 को सम्पन्न विभागीय निविदा समिति की बैठक की कार्यवाही

मुख्य अभियंता, बाढ़ नियंत्रण एवं जल निस्सरण, जल संसाधन विभाग, कटिहार परिक्षेत्राधीन बाढ़ नियंत्रण प्रमंडल, भागलपुर अंतर्गत "Anti Erosion work for protection of IIIT, Bhagalpur at Right Bank of River Ganges under Block Sabour in District Bhagalpur. (एजेण्डा संख्या 242/147/2026)" हेतु निविदादाताओं से प्राप्त तकनीकी बीड पर तकनीकी बीड मूल्यांकण समिति की अनुशंसा पर विचार हेतु विभागीय निविदा समिति की बैठक में निम्नलिखित पदाधिकारियों ने भाग लियाः–

1. श्री संतोष कुमार मल्ल, प्रधान सचिव, जल संसाधन विभाग, पटना।
2. श्री वरूण कुमार, अभियंता प्रमुख, बाढ़ नियंत्रण एवं जल निस्सरण, जल संसाधन विभाग, पटना।
3. श्री अनवर जमील, मुख्य अभियंता, बाढ़ नियंत्रण एवं जल निस्सरण, जल संसाधन विभाग, कटिहार।
4. श्री अरविन्द कुमार वर्मा, आंतरिक वित्तीय सलाहकार, जल संसाधन विभाग, पटना।

1. तकनीकी बीड की विवरणी :–

| | | | |
|---|---|---|---|
| i | कार्य का नाम | :– | "Anti Erosion work for protection of IIIT, Bhagalpur at Right Bank of River Ganges under Block Sabour in District Bhagalpur" (एजेण्डा संख्या 242/147/2026)। |
| ii | एन०आई०टी० संख्या | :– | 02SBD/2025–26, दिनांक–24.02.2026, ग्रुप–01 |
| iii | निविदा प्राप्ति की तिथि | :– | 11.03.2026 |
| iv | प्रमंडल का नाम | :– | बाढ़ नियंत्रण प्रमंडल, भागलपुर। |
| v | प्राप्त निविदा की संख्या | :– | 02 (दो) |
| vi | स्वीकृत परिमाण विपत्र की राशि | :– | ₹635.45700 लाख |
| vii | निविदा प्रक्रिया | :– | ई–टेण्डरिंग |
| viii | निविदा प्रकाशन | :– | दैनिक जागरण –28.02.2026<br>PR. No. 025173 (WRD)2025-26 |
| ix | प्रशासनिक स्वीकृति की राशि एवं प्रसंग | :– | प्रशासनिक एवं व्यय की स्वीकृति प्राप्त किये जाने की कार्रवाई प्रक्रियाधीन है |
| x | विभागीय तकनीकी बीड मूल्यांकण समिति की बैठक | :– | 20.03.2026 |
| xi | तकनीकी बीड में सफ़ल निविदादाताओं की संख्या | :– | 01 (एक) अदद् |

2. समीक्षा :–

दिनांक 20.03.2026 को सम्पन्न बैठक में विभागीय तकनीकी बीड मूल्यांकण समिति द्वारा मुख्य अभियंता, बाढ़ नियंत्रण एवं जल निस्सरण, जल संसाधन विभाग, कटिहार से प्राप्त निविदा अभिलेखों की समीक्षा के आधार पर स्थिति निम्नवत् है :–

1. **प्रकाश कुमार जैन, वार्ड नं0–9, एस0बी0आई0 के नज़दीक, वीरपुर सुपौल–** ये तकनीकी बीड के अन्तर्गत वांछित अहर्ता पूर्ण करते हैं।

2. **शालीनी सिंह, भाकुरा, लौहर फरना, भोजपुर, बिहार–** इनके द्वारा अग्रधन के रूप में समर्पित बैंक गारंटी में फर्म का नाम सही अंकित नहीं है।

अतः ये तकनीकी बीड की वांछित अर्हता को पूर्ण नहीं करते हैं।

तकनीकी बीड मूल्यांकण समिति द्वारा समीक्षोपरांत वर्णित निविदा में सम्मिलित कुल 02 (दो) अदद् निविदादाताओं में से 01 (एक) अदद् निविदादाता अर्थात (01) **प्रकाश कुमार जैन, वार्ड नं0–9, एस0बी0आई0 के नज़दीक, वीरपुर सुपौल** के द्वारा तकनीकी बीड की सभी वाँछित अहर्ताएँ पूर्ण करने के कारण तकनीकी बीड में सफ़ल करने की अनुशंसा की गयी है तथा 01 (एक) अदद् निविदादाता अर्थात (01) शालीनी सिंह, भाकुरा, लौहर फरना, भोजपुर, बिहार द्वारा तकनीकी बीड की वांछित अर्हता पूर्ण नहीं करने के कारण तकनीकी बीड में असफ़ल करने की अनुशंसा की गयी है।

विदित है कि प्रसंगाधीन कार्य की एकल निविदा के निस्तार हेतु पूर्व से ही विभागीय अनुमोदन प्राप्त है। पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना की अधिसूचना सं0–3162(S)दिनांक–09.05.2016 की कंडिका–(2) के आलोक में उक्त एकल निविदा पर विभागीय निविदा समिति द्वारा निर्णय लिया जाना है।

3. विभागीय निविदा समिति का निर्णय :–

विभागीय निविदा समिति द्वारा सम्यक् विचारोपरांत तकनीकी बीड मूल्यांकण समिति से प्राप्त अनुशंसा पर सहमति देते हुए विषयक कार्य के निविदा में कुल 02 (दो) अदद् निविदादाताओं में से 01 (एक) अदद् निविदादाता अर्थात (01) **प्रकाश कुमार जैन, वार्ड नं0–9, एस0बी0आई0 के नज़दीक, वीरपुर सुपौल** को तकनीकी बीड की सभी वांछित अर्हता पूर्ण करने के कारण तकनीकी बीड में सफ़ल तथा 01 (एक) अदद् निविदादाता अर्थात (01) शालीनी सिंह, भाकुरा, लौहर फरना, भोजपुर, बिहार द्वारा तकनीकी बीड की वांछित अर्हता पूर्ण नहीं करने के कारण तकनीकी बीड में असफ़ल पाया गया।

उपर्युक्त समीक्षा के आलोक में विभागीय निविदा समिति द्वारा मुख्य अभियंता, बाढ़ नियंत्रण एवं जल निस्सरण, जल संसाधन विभाग, कटिहार को तकनीकी बीड में सफ़ल एकल निविदादाता **प्रकाश कुमार जैन, वार्ड नं0–9, एस0बी0आई0 के नज़दीक, वीरपुर सुपौल** से इस आशय की सहमति, "यदि उनके द्वारा उद्धृत दर परिमाण विपत्र की दर से अधिक पाया जाता है तो वे कार्य परिमाण विपत्र की दर/वार्तालापित दर पर कार्य करने के लिए सहमत होंगे" लेने के उपरान्त ही उनका वित्तीय बीड खोलकर विभागीय निविदा समिति के समक्ष समर्पित करने हेतु निदेशित किया गया।

30.03.26
(अनवर जमील)
मुख्य अभियंता,
बाढ़ नियंत्रण एवं जल निस्सरण,
जल संसाधन विभाग, कटिहार

30/03/26
(अरविन्द कुमार गुप्ता)
आन्तरिक वित्तीय सलाहकार
जल संसाधन विभाग, पटना

30/03/2026
(वरूण कुमार)
अभियंता प्रमुख
बाढ़ नियंत्रण एवं जल निस्सरण
जल संसाधन विभाग, पटना

30/3/26
(संतोष कुमार मल्ल)
प्रधान सचिव
जल संसाधन विभाग, पटना

पत्रांक–बाढ़(मो0)सिं0नि0–86/2026– 1056 पटना, दिनांक– 30-03-2026

प्रतिलिपिः– मुख्य अभियंता, बाढ़ नियंत्रण एवं जल निस्सरण, जल संसाधन विभाग, कटिहार को सूचनार्थ एवं अग्रेतर कार्रवाई हेतु समर्पित। अनुरोध है कि विभागीय पत्रांक 786 दिनांक 06.02.2025 के आलोक में भी आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित की जाय।

30/3/26
(विवेक गौरव)
अधीक्षण अभियंता,
बाढ़ नि0 यो0 एवं मो0 अंचल, पटना

पत्रांक–बाढ़(मो0)सिं0नि0–86/2026– 1056 पटना, दिनांक– 30-03-2026

प्रतिलिपिः– कार्यपालक अभियंता, आई0टी0, जल संसाधन विभाग, पटना को विभागीय वेबसाईट पर प्रकाशित करने हेतु प्रेषित।

30/3/26
(विवेक गौरव)
अधीक्षण अभियंता,
बाढ़ नि0 यो0 एवं मो0 अंचल, पटना